शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

मध्यावधि परीक्षा: 2026–27

अभ्यास प्रश्न-पत्र

कक्षा : XI

विषय : इतिहास

समय : 3 घंटे | पूर्णांक : 80 अंक

सामान्य निर्देश:

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए:

(i) इस प्रश्न पत्र में 34 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभाजित है - खंड क, ख, ग, घ और ङ।

(iii) खंड क - प्रश्न संख्या 1 से 21 तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(iv) खंड ख - प्रश्न संख्या 22 से 27 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखें।

(v) खंड ग - प्रश्न संख्या 28 से 30 दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 से 350 शब्दों में लिखें।

(vi) खंड घ - प्रश्न संख्या 31 से 33 तीन उप -प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं. प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।

(vii) खंड ङ - प्रश्न संख्या 34 मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल है। यह प्रश्न 5 अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

(viii) प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खंड ख, ग, और घ में आंतरिक विकल्प क प्रावधान किया गया है। परीक्षार्थी को इनमें से किसी एक प्रश्न क उत्तर लिखना है।

(ix) इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अलग प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर सिर्फ दृष्टिबाधित परीक्षार्थी लिखें।

## खंड क

## (बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)

21x1=21

1. मेसोपोटामिया को प्रायः "दो नदियों के बीच की भूमि" क्यों कहा जाता है? 1

(A) यह नील और यूफ्रेटीस नदियों के बीच स्थित है।

(B) यह टाइग्रिस और यूफ्रेटीस नदियों के बीच स्थित है।

(C) यह सिंधु और गंगा नदियों के बीच स्थित है।

(D) यह पीली (ह्वांग हो) और यांग्त्से नदियों के बीच स्थित है।

2. मेसोपोटामिया में लेखन का प्रारम्भिक उद्देश्य मुख्यतः क्या था? 1

(A) कविताएँ और महाकाव्य लिखना।

(B) व्यापार तथा प्रशासनिक लेन-देन का अभिलेखन करना।

(C) दर्शनशास्त्र की शिक्षा देना।

(D) धार्मिक स्तुतिगान लिखना।

3. मेसोपोटामिया के नगरों में मंदिरों का महत्त्व क्यों था? 1

(A) वे केवल पूजा-स्थल थे।

(B) वे धार्मिक, आर्थिक तथा प्रशासनिक केन्द्र के रूप में कार्य करते थे।

(C) वे मुख्यतः सैन्य मुख्यालय थे।

(D) उनका उपयोग केवल राजकीय समारोहों के लिए किया जाता था।

4. मेसोपोटामिया के नगरों के लिए दूरस्थ व्यापार (**Long-distance Trade**) क्यों महत्त्वपूर्ण बन गया? 1

(A) मेसोपोटामिया में प्रचुर मात्रा में वन और धातुएँ उपलब्ध थीं।

(B) इस क्षेत्र में अनेक आवश्यक प्राकृतिक संसाधनों का अभाव था।

(C) वहाँ कृषि करना असंभव था।

(D) राजाओं ने स्थानीय व्यापार पर प्रतिबंध लगा दिया था।

5. मेसोपोटामिया में उपजाऊ कृषि भूमि तो थी, परन्तु लकड़ी, ताँबा और पत्थर जैसे संसाधनों का अभाव था। इस भौगोलिक स्थिति का सबसे तार्किक परिणाम क्या हुआ? 1

(A) मेसोपोटामिया के नगर अन्य क्षेत्रों से अलग-थलग रह गए।

(B) लोगों ने कृषि छोड़कर केवल शिकार पर निर्भर होना शुरू कर दिया।

(C) दूरस्थ व्यापार आवश्यक बन गया, जिससे समृद्ध नगरीय केन्द्रों का विकास हुआ।

(D) संसाधनों की कमी के कारण सभ्यता का विकास नहीं हो सका।

6. मिस्र का एक व्यापारी भूमध्यसागर के मार्ग से अनाज रोम ले गया। यह रोमन साम्राज्य के बारे में क्या दर्शाता है? 1

(A) कृषि केवल इटली तक सीमित थी।

(B) भूमध्यसागर विभिन्न प्रान्तों को व्यापार के माध्यम से जोड़ता था।

(C) मिस्र, रोम से राजनीतिक रूप से स्वतंत्र था।

(D) रोम अपने प्रान्तों के बीच व्यापार को हतोत्साहित करता था।

7. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सबसे अच्छी तरह स्पष्ट करता है कि रोमन साम्राज्य को बहुसांस्कृतिक (**Multi-cultural**) साम्राज्य क्यों कहा जाता है? 1

(A) वहाँ केवल एक ही राजभाषा थी।

(B) इसमें तीन महाद्वीपों में फैले विविध समुदाय, संस्कृतियाँ और धर्म सम्मिलित थे।

(C) प्रत्येक प्रान्त की समान रीति-रिवाज और परम्पराएँ थीं।

(D) सभी लोगों को समान राजनीतिक अधिकार प्राप्त थे।

8. नीचे दिए गए अभिकथन (**Assertion-A**) तथा कारण (**Reason-R**) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनिए। 1

अभिकथन (**A**): रोमन साम्राज्य अपने प्रान्तों से प्राप्त करों पर अत्यधिक निर्भर था।

कारण (**R**): करों से प्राप्त राजस्व सेना तथा प्रशासनिक व्यवस्था के संचालन के लिए आवश्यक था।

विकल्प:

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, किन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(D) अभिकथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

9. उत्तरकालीन (**Later**) रोमन साम्राज्य के समक्ष निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख चुनौती थी? 1

(A) सैन्य व्यय में गिरावट।

(B) बाहरी आक्रमण तथा आन्तरिक राजनीतिक अस्थिरता।

(C) व्यापार का पूर्णतः समाप्त हो जाना।

(D) प्रारम्भ से ही कृषि उत्पादन का अभाव।

10. मार्को पोलो तथा अन्य यात्रियों ने उल्लेख किया कि मंगोल साम्राज्य ने एशिया में आवागमन को सुगम बनाया। इससे क्या संकेत मिलता है? 1

(A) साम्राज्य ने व्यापार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

(B) मंगोल शासन के अंतर्गत राजनीतिक स्थिरता ने दूरस्थ व्यापार को प्रोत्साहित किया।

(C) साम्राज्य में केवल सैनिकों को ही यात्रा की अनुमति थी।

(D) रेशम मार्ग (सिल्क रूट) स्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

11. निम्नलिखित का मिलान कीजिए : 1

| सूची-**I** | सूची-**II** |
|---|---|
| A. तेमूजिन | 1. चंगेज़ ख़ान का उत्तराधिकारी |
| B. यासा | 2. चंगेज़ ख़ान का जन्म नाम |
| C. ओगेदेई | 3. मंगोलों से संबंधित विधि-संहिता |
| D. सिल्क रूट | 4. एशिया और यूरोप को जोड़ने वाला प्रमुख व्यापारिक मार्ग |

12. मंगोलों ने अपने साम्राज्य में व्यापारियों और यात्रियों के आवागमन को क्यों प्रोत्साहित किया? 1

(A) केवल बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए।

(B) कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए।

(C) व्यापार, संचार तथा राजनीतिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए।

(D) सांस्कृतिक संपर्क को हतोत्साहित करने के लिए।

13. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को चंगेज़ ख़ान के जीवनकाल में मंगोलों ने विजय नहीं किया था? 1

(A) मध्य एशिया

(B) उत्तरी चीन

(C) फ़ारस के कुछ भाग

(D) दक्षिण भारत

14. एक शासक अपने विशाल साम्राज्य में अधिकारियों के संचार तथा आवागमन को अधिक प्रभावी बनाना चाहता है। मंगोल साम्राज्य की कौन-सी व्यवस्था उसके लिए सबसे अधिक उपयोगी होगी? 1

(A) घुमंतू जनजातियों का स्थायी बसाव।

(B) व्यापारियों की यात्रा पर प्रतिबंध।

(C) सुव्यवस्थित रिले डाक (डाक चौकी) प्रणाली।

(D) अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों को बंद करना।

15. इतिहासकार मंगोल साम्राज्य को अक्सर एक विरोधाभास (**Paradox**) क्यों कहते हैं? 1

(A) यह समुद्री तथा नदी-आधारित दोनों प्रकार का साम्राज्य था।

(B) इसका विस्तार युद्धों के माध्यम से हुआ, किन्तु इसने व्यापार तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा दिया।

(C) इसने कभी कूटनीतिक संबंध स्थापित नहीं किए।

(D) यह अपने पूरे इतिहास में केवल मंगोलिया तक ही सीमित रहा।

16. मध्यकालीन यूरोपीय समाज में 'तीन वर्ग' (**Three Orders**) से क्या अभिप्राय है? 1

(A) राजा, व्यापारी और शिल्पकार।

(B) पादरी, व्यापारी और किसान।

(C) पादरी वर्ग, सामंत वर्ग और कृषक वर्ग।

(D) सैनिक, कारीगर और व्यापारी।

17. निम्नलिखित में से कौन-सा विकास सबसे बाद में हुआ? 1

(A) सामंती व्यवस्था का उदय।

(B) कृषि उत्पादन में वृद्धि।

(C) नगरों और व्यापार का विस्तार।

(D) सामंतवाद का पतन।

18. निम्नलिखित का मिलान कीजिए : 1

| सूची-**I** | सूची-**II** |
|---|---|
| A. पादरी वर्ग (Clergy) | 1. भूमि की खेती करते थे |
| B. सामंत वर्ग (Nobility) | 2. धार्मिक कार्य |
| C. कृषक (Peasants) | 3. सैन्य सुरक्षा |
| D. गिल्ड (Guild) | 4. शिल्पकारों का संगठन |

19. नीचे दिए गए विकल्पों में से चित्र की पहचान कीजिए : 1



(A) नेमूर कैसल (Nemours Castle)

(B) सैलिसबरी कैथेड्रल (Salisbury Cathedral)

(C) सेंट माइकल्स बेनेडिक्टाइन ऐबी (St. Michael's Benedictine Abbey)

(D) हेवर कैसल (Hever Castle)

नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है।

हेवर कैसल कहाँ स्थित है? 1

(A) फ्रांस

(B) जर्मनी

(C) ऑस्ट्रिया

(D) इंग्लैंड

20. एक मध्यकालीन शिल्पकार उचित मूल्य सुनिश्चित करना, गुणवत्ता के मानकों को बनाए रखना तथा अपने साथी कारीगरों के हितों की रक्षा करना चाहता था। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी संस्था सबसे अधिक उपयुक्त थी? 1

(A) मेनर (Manor)

(B) मठ (Monastery)

(C) संसद (Parliament)

(D) श्रेणी (Guild)

**21.** उत्तर मध्यकालीन काल में अनेक कृषक धीरे-धीरे गाँवों से नगरों की ओर क्यों चले गए? 1

(A) नगरों में बेहतर आर्थिक अवसर तथा अधिक व्यक्तिगत स्वतंत्रता उपलब्ध थी।

(B) राजाओं ने सभी कृषकों को गाँव छोड़ने का आदेश दिया था।

(C) कृषि पूरी तरह समाप्त हो गई थी।

(D) चर्च ने कृषि पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## खंड ख

### (लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

6x3=18

22. (**A**) मेसोपोटामियाई सभ्यता के इतिहास के पुनर्निर्माण में पुरातात्विक स्रोतों के योगदान का मूल्यांकन कीजिए। उपयुक्त उदाहरण दीजिए। 3

अथवा

22. (**B**) मेसोपोटामियाई सभ्यता में लेखन के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। 3

23. रोमन साम्राज्य के भौगोलिक विस्तार का वर्णन कीजिए। इसकी भौगोलिक स्थिति ने इसकी राजनीतिक एवं आर्थिक शक्ति को किस प्रकार सुदृढ़ बनाया? 3

24. रेशम मार्ग (सिल्क रूट) के पुनरुत्थान में मंगोल शासन के योगदान का परीक्षण कीजिए। इसने यूरेशिया में आर्थिक एवं सांस्कृतिक अंतःक्रियाओं को किस प्रकार प्रभावित किया? 3

25. रोमन साम्राज्य की सामाजिक संरचना का विश्लेषण कीजिए। साम्राज्य के विभिन्न सामाजिक वर्गों का जीवन किस प्रकार भिन्न था? 3

26. (**A**) मध्यकालीन यूरोप में कृषि के विकास तथा नगरों के विस्तार में योगदान देने वाले कारकों का विश्लेषण कीजिए। 3

अथवा

26. (**B**) मध्यकालीन यूरोपीय समाज में चर्च की भूमिका का परीक्षण कीजिए। इसे उस काल की सबसे शक्तिशाली संस्थाओं में से एक क्यों माना जाता था? 3

27. उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिनके कारण तेमूजिन चंगेज़ ख़ान के रूप में उभरा तथा मंगोल जनजातियों को एकजुट करने में सफल हुआ। 3

## खंड ग

### (दीर्घउत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

3x8=24

28. (**A**) मेसोपोटामियाई समाज में मंदिरों की भूमिका का परीक्षण कीजिए। स्पष्ट कीजिए कि वे किस प्रकार धार्मिक, आर्थिक, प्रशासनिक तथा सामाजिक संस्थाओं के रूप में कार्य करते थे। 8

अथवा

28. **(B)** 'मेसोपोटामिया को नगरीय सभ्यता का उद्गम स्थल माना जाता है।' कृषि, लेखन, प्रशासन, व्यापार तथा नगर नियोजन के क्षेत्र में उसकी उपलब्धियों के आलोक में इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। 8

29. **(A)** रोमन साम्राज्य के विस्तार, सुदृढ़ीकरण तथा रक्षा में रोमन सेना की भूमिका का परीक्षण कीजिए। 8

अथवा

29. **(B)** रोमन साम्राज्य के पतन के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारकों का विश्लेषण कीजिए। आपके विचार में इनमें से किस कारक का सबसे अधिक प्रभाव पड़ा? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। 8

30. **(A)** मध्यकालीन यूरोप में नगरों तथा व्यापार के विकास के लिए उत्तरदायी कारणों की विवेचना कीजिए। इन विकासों ने सामंती अर्थव्यवस्था में किस प्रकार परिवर्तन लाया? 8

अथवा

30. **(B)** मध्यकालीन यूरोपीय समाज में कृषकों तथा महिलाओं की बदलती स्थिति का विश्लेषण कीजिए। सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तनों ने उनके जीवन में किस सीमा तक सुधार किया? 8

## खंड घ
## (स्रोत आधारित प्रश्न)

3x4=12

31. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

> **दासों के प्रति व्यवहार**
>
> कुछ ही समय बाद शहर के शासक ल्यूसियस पेडेनियस सेकंडस का उसके एक दास ने कत्ल कर दिया। कत्ल के पश्चात, पुराने रिवाज के अनुसार यह आवश्यक था कि एक ही छत के नीचे रहने वाले प्रत्येक दास को फाँसी दे दी जाए। परन्तु बहुत से निर्दोष लोगों को बचाने के लिए भीड़ एकत्र हो गई और दंगे शुरू हो गए। सैनेट भवन को घेर लिया गया हालांकि सैनेट भवन में अत्यधिक कठोरता का विरोध किया जा रहा था। परंतु अधिकांश सदस्यों ने परिवर्तन किए जाने का विरोध किया। जो सैनेटर फाँसी देने के पक्ष में थे, उनकी बात मानी गई। परन्तु पत्थर और जलती हुई मशालें लिए भारी भीड़ ने इस आदेश को कार्यान्वित किए जाने से रोका। नीरो ने अभिलेख द्वारा इन लोगों को फटकार लगाई, उन सारे मार्गों पर सेना लगा दी गई जहाँ सैनिकों के साथ दोषियों को फाँसी पर चढ़ाने के लिए ले जाया जा रहा था।
>
> – टैसिटस (55-117), आरंभिक साम्राज्य का इतिहासकार।

31.1 स्रोत के अनुसार, लूसियस पेडानियस सेकुंडस की उसके दास द्वारा हत्या किए जाने के बाद प्राचीन परंपरा के अनुसार क्या किया जाता था? 1

31.2 सम्राट नीरो ने यह कैसे सुनिश्चित किया कि मृत्युदंड का आदेश लागू किया जाए? 1

31.3 यह स्रोत दास-प्रथा के प्रति रोमन समाज के दृष्टिकोण के बारे में क्या दर्शाता है? कोई दो बिंदु लिखिए। 2

32. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

### मोहर : एक शहरी शिल्प-कृति

भारत में, प्राचीन काल में पत्थर की मोहरें होती थीं जिनपर चिह्न अंकित किए गए होते थे। लेकिन मेसोपोटामिया में, पहली सहस्राब्दी ई.पू. के अंत तक पत्थर की बेलनाकार मोहरें, जो बीच में आर-पार छिदी होती थीं, एक तीली लगाकर गीली मिट्टी के ऊपर घुमाई जाती थीं और इस प्रकार उनसे लगातार चित्र बनता जाता था। वे अत्यंत कुशल कारीगरों द्वारा उकेरी जाती थीं और कभी-कभी उनमें ऐसे लेख होते थे; जैसे- मालिक का नाम, उसके इष्टदेव का नाम और उसकी अपनी पदीय स्थिति, आदि। किसी कपड़े की गठरी या बर्तन के मुँह को चिकनी मिट्टी से लीप-पोतकर उसपर वह मोहर घुमाई जाती थी जिससे उसमें अंकित लिखावट मिट्टी की सतह पर छप जाती थी; इससे उस गठरी या बर्तन में रखी वस्तुओं को मोहर लगाकर सुरक्षित किया जा सकता था। जब इस मोहर को मिट्टी की बनी पट्टिका पर लिखे पत्र पर घुमाया जाता था तो वह मोहर उस पत्र की प्रामाणिकता की प्रतीक बन जाती थी। इस प्रकार मुद्रा सार्वजनिक जीवन में नगरवासी की भूमिका को दर्शाती थी।

32.1 मेसोपोटामिया में बेलनाकार मुहरों (सिलिंड्रिकल सील) का उपयोग मिट्टी पर छाप बनाने के लिए कैसे किया जाता था? 1

32.2 मेसोपोटामिया में बेलनाकार पत्थर की मुहरों का निर्माण (नक्काशी) कौन करता था? 1

32.3 मेसोपोटामियाई सभ्यता को समझने के लिए मुहरों (सीलों) को महत्त्वपूर्ण पुरातात्विक स्रोत क्यों माना जाता है? कोई दो कारण लिखिए। 2

33. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

### बुखारा पर कब्ज़ा

परवर्ती तेरहवीं शताब्दी के ईरान के मंगोल शासकों के एक फ़ारसी इतिवृत्तकार जुवैनी (Juwaini) ने 1220 ई. में बुखारा की विजय का वृत्तांत दिया है। जुवैनी के कथनानुसार नगर की विजय के बाद चंगेज़ खान उत्सव मैदान में गया जहाँ पर नगर के धनी व्यापारी एकत्रित थे। उसने उन्हें संबोधित कर कहा, "अरे लोगों! तुम्हें यह ज्ञात होना चाहिए कि तुम लोगों ने अनेक पाप किए हैं और तुममें से जो अधिक सम्पन्न लोग हैं उन्होंने सबसे अधिक पाप किए हैं। अगर तुम मुझसे पूछो कि इसका मेरे पास क्या प्रमाण है तो इसके लिए मैं कहूँगा कि मैं ईश्वर का दंड हूँ। यदि तुमने पाप न किए होते तो ईश्वर ने मुझे दंड हेतु तुम्हारे पास न भेजा होता..." अब कोई व्यक्ति, बुखारा पर अधिकार होने के बाद खुरासान भाग गया था। उससे नगर के भाग्य के बारे में पूछने पर उसने उत्तर दिया, 'वे (नगर) आए, दीवारों को ध्वस्त कर दिया, जला दिया, लोगों का वध किया, लूटा और चल दिए।'

33.1 चंगेज़ ख़ान द्वारा बुखारा पर विजय का विवरण किसने दर्ज किया था? 1

33.2 चंगेज़ ख़ान के अनुसार, ईश्वर ने उसे बुखारा के लोगों को दंडित करने के लिए क्यों भेजा था? 1

33.3 यह स्रोत चंगेज़ ख़ान द्वारा अपने सैन्य अभियानों के औचित्य के बारे में क्या दर्शाता है? कोई दो बिंदु लिखिए। 2

## खंड ङ

## (मानचित्र आधारित प्रश्न)

5x1=5

34.1 दिए गए पश्चिम एशिया के रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को उपयुक्त प्रतीकों की सहायता से अंकित करिए एवं उनका नाम लिखिए: 3

(क) सीरिया

(ख) लेबनान

(ग) दज़ला नदी

अथवा

फरात नदी

34.2 उसी रेखा-मानचित्र पर 1 तथा 2 से चिह्नित स्थानों की पहचान कीजिए तथा उनके सही नाम लिखिए। 2




टिप्पणी: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर हैं। 5

34.1 रोमन साम्राज्य के किन्हीं तीन सम्राटों के नाम लिखिए। 3

34.2 मेसोपोटामिया के किन्हीं दो नगरों के नाम लिखिए। 2